# मैं तो झुमके नाचू गी सारी रात माँ झंडेवाली तेरे अंगना

मैं तो झूम के नाचू गी सारी रात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,
भले होती है हो जाये प्रभात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,

बड़े भाग से ये दिन आया,
मैया तेरा जगराता कराया,
मेरी पूरी हुई है हर बात माँ झंडेवाली तेरे अंगना,
मैं तो झूम के नाचू गी सारी रात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,

मेरी मन बगियाँ महकाई मेरे घर आई महामाई,
मुझे भगतो का मिल गया साथ माँ झंडे वाली तेरे अंगना,
मैं तो झूम के नाचू गी सारी रात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,

खुशियों से आंसू बहते है,
आज सभी मुझसे कहते है,
तेरा माँ ने पकड़ लिया हाथ माँ झंडेवाली तेरे अंगना,
मैं तो झूम के नाचू गी सारी रात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,

दत्ता माँ ने मेहर करि है,
रजनी संग संगत भी तरी है,
मुझे ऐसी मिली सौगात,माँ झंडेवाली तेरे अंगना
मैं तो झूम के नाचू गी सारी रात माँ झंडे वाली तेरे अंगना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7272/title/main-to-jhumke-naachu-gi-saari-raat-maa-jhandevali-tere-angna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |